आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :12 अंक :273 पृष्ठ -4 दिनांक 30 सितम्बर 2024 दिन सोमवार

## मुजफ्फरनगर दंगा आशु हत्याकांड में 10 आरोपी 'सुबूतों के अभाव' में बरी, 60 से अधिक लोगों की हुई थी मौत



उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में वर्ष 2013 में हुए सांप्रदायिक दंगों से जुड़े आशु हत्याकांड मामले की सुनवाई कर रही एक स्थानीय अदालत ने 10 अभियुक्तों को सुबूतों के अभाव में बरी कर दिया है. इन सभी आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी किया गया है. कोर्ट द्वारा जिन आरोपियों को दोष मुक्त करार दिए गए आरोपियों में गौरव, अमरपाल, रॉकी, रतन, दिनेश, योगेश, अभिषेक, रूबी, कपिल कुमार और मनोज कुमार शामिल हैं. अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजनी कुमार सिंह ने सभी 10 आरोपियों को बरी करते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष अपने आरोप साबित करने में विफल रहा है.यह आदेश पिछली 26 सितंबर को पारित किया गया था और दो दिन बाद उपलब्ध कराया गया. मामले की वादी इमराना ने दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप लगाया था कि दंगाइयों ने आठ सितंबर 2013 को उसके पति आशु की पीट–पीटकर हत्या कर दी थी. घटना के वक्त वह फुगाना गांव में स्कूटर से बस स्टैंड जा रहा था.एक आरोपी की हो गई थी मौतअभियोजन पक्ष के अनुसार, विशेष जांच दल (एसआईटी) ने 11 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था और मामले के लंबित रहने के दौरान सचिन नामक आरोपी की मौत हो गई थी. अधिवक्ता शिवराज सिंह मलिक ने बताया कि सुनवाई के इस दौरान शिकायत कर्ता इमराना और आशु की मां वकीला समेत दो गवाह मुकर गए और अभियोजन पक्ष के दावों का समर्थन नहीं किया. मुजफ्फरनगर और शामली जिलों में सितंबर 2013 में हुए सांप्रदायिक दंगों में 60 से अधिक लोग मारे गए थे और 40,000 से ज्यादा बेघर हुए थे. बता दें कि 27 अगस्त 2013 का ही वो दिन था, जब मुजफ्फरनगर दंगे की आग में झुलसता गया था. कई दिनों तक दंगाइयों के कारनामे में लोग दहशत के साए में जीने को मजबूर हो गए थे. हजारों लोगों को डर के साये में अपना घर तक छोड़ना पड़ा था.

### दुर्गा पूजा, दीवाली और छठ में यात्रियों को कंफर्म सीट दिलाने के लिए नॉर्थ सेंट्रल रेलवे जोन में उठाया ये कदम



दुर्गा पूजा, दीवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए उत्तर मध्य रेलवे द्वारा इस साल 01 अक्टूबर से 30 नवंबर के मध्य 524 फेरे जोन से प्रारंभ होने वाली विशेष गाड़ियों का संचालन किया जाएगा. ज्ञात हो कि प्रतिवर्ष त्योहारों के अवसर पर रेलवे द्वारा विशेष गाड़ियाँ चलाई जाती है. इस वर्ष इन स्पेशल ट्रेनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है. ध्यान देने योग्य बात यह है कि दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पर्वों के दौरान लाखों की संख्या में यात्री रेल से यात्रा करते हैं. यात्रियों की भारी भीड़ को सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा प्रदान करने के लिए रेलवे द्वारा इस वर्ष भी विशेष ट्रेनों का संचालन करने की तैयारी की गई है. ये स्पेशल ट्रेनें बड़ी तादाद में यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने का काम करेंगी. इस साल ज्यादा फेरे पिछले वर्ष भी उत्तर मध्य रेलवे द्वारा बड़ी संख्या में त्योहार स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया था और इन जोन से प्रारंभ होने वाली ट्रेनों ने कुल 189 फेरे लगाए थे, जिनके माध्यम से बड़ी संख्या में यात्रियों को आरामदायक यात्रा की सुविधा प्राप्त हुई थी. इस वर्ष यह पिछले वर्ष की तुलना में 335 फेरे अधिक है. इसके अतिरिक्त इस अवधि में 2242 फेरे पासिंग ट्रेने भी जोन के परिक्षेत्र में पड़ने वाले स्टेशनों को सेवित करेंगी, अर्थात उनकी सुविधा भी जोन के यात्रियों को मिल सकेगी. ज्ञात हो कि प्रति वर्ष दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर देश भर से बड़ी संख्या में लोग उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर प्रस्थान करते हैं. उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों के लिए ये त्योहार न केवल धार्मिक महत्व रखते हैं, बल्कि परिवारों से मिलने का भी एक अहम अवसर होते हैं. प्रति वर्ष त्योहारों के दौरान यात्रियों की भीड़ की वजह से अधिकांश ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट हो जाती हैं. इसी को देखते हुए रेलवे द्वारा इस वर्ष त्योहारों के अवसर पर अतिरिक्त विशेष गाड़ियों का संचालन किया जा रहा हैं.।

## आपदा से मौत पर यूपी में 24 घंटे में 4 लाख का मुआवजा देने का ऐलान, फसलों का आलकन करने का निर्देश

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राज्य के 11 जिलों में बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की. राज्य के अनेक हिस्से पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण बाढ़ की चपेट में हैं. पिछले 24 घंटों में राज्य में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 10 लोगों की मौत हो गई.राज्य सरकार द्वारा जारी एक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से कुशीनगर, महराजगंज, लखीमपुर खीरी, बलिया, फर्रुखाबाद,
गोंडा, कानपुर नगर, गौतम बुद्ध नगर, सीतापुर, हरदोई और शाहजहांपुर के अधिकारियों को राहत कार्यों के संचालन में पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. 24 घंटे में 10 की मौत राहत आयुक्त कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 10 लोगों की मौत हो गई. बांदा और कन्नौज जिले में दो–दो जबकि प्रतापगढ़, फतेहपुर, भदोही,
अंबेडकर नगर, प्रयागराज और कानपुर में एक–एक व्यक्ति की मौत की खबर है. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने, स्थिति की निगरानी करने और राहत प्रयासों में तेजी लाने के निर्देश दिये. उन्होंने प्रभावित आबादी को हर संभव सहायता मुहैया कराने की ताकीद की. सीएम योगी के निर्देशों के बाद प्रभावित जिलों में एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पीएसी की कई टीम तैनात की गई हैं.किसानों को दिया जाएगा मुआवजा उन्होंने जिलाधिकारियों को फसल के नुकसान का आकलन करने और सरकार को रिपोर्ट सौंपने का भी निर्देश दिया ताकि प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जा सके. इसके अलावा मुख्यमंत्री ने बाढ़ के कारण अपने घर और मवेशी गंवाने वाले लोगों को तत्काल वित्तीय सहायता देने का आह्वान किया.सीएम योगी अधिकारियों को निर्देश दिया कि आकाशीय बिजली, अतिवृष्टि या अन्य प्राकृतिक आपदा से हुई जनहानि की स्थिति में 4 लाख अनुमन्य राहत राशि 24 घंटे के अंदर स्थानीय जनप्रतिनिधि के माध्यम से प्रभावित परिवारों को वित. रित की जाए. साथ ही, राजस्व और कृ षि विभाग की टीम गहन सर्वेक्षण करते हुए फसल नुकसान का आकलन करें, जिससे प्रभावित किसानों को क्षतिपूर्ति की जा सके.राहत आयुक्त भानु चंद्र गा. `स्वामी ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद उत्तर प्रदेश के बाढ़ प्रभावित 11 जिलों में युद्ध स्तर पर राहत कार्य चलाए जा रहे हैं. पिछले 72 घंटों में पूरे राज्य में औसत से अधिक बारिश ने बाढ़ की स्थिति और खराब कर दी है. आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार रविवार को भी उत्तर प्रदेश के 75 में से 45 जिलों में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई.

### बेकाबू ट्रक घर में घुसा, एक की मौतय तीन घायलय लोगों ने की तोड़फोड़य पुलिस छावनी में तब्दील हुआ इलाका

मिर्जापुर जिले में सोमवार को एक बेकाबू ट्रक पेड़ से टकराते हुए घर में जा घुसा। इस दौरान कई दुकानें क्षतिग्रस्त हुईं। इसके साथ ही एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हुएमिर्जापुर जिले के चौसा मोड़ पर सोमवार को एक अनियंत्रित ट्रक पेड़ से टकराते हुए घर में जा घुसा। इसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हो गए। हादसा इतनाभीषण था कि कई दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं।इसमें राधेश्याम गुप्ता, राकेश कुमार गुप्ता, पप्पू गुप्ता, सुजीत मौर्य, गोविंद गुप्ता की दुकानें शामिल हैं। घटना के बाद लोगों ने सड़क जाम कर दिया। वहीं एक रोडवेज बस में तोड़फोड़ किया। इस दौरान कई यात्री घायल भी हो गए। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया। जिसके बाद जाम समाप्त हुआ।मौजूद प्रदर्शनकारियों को भगाया गया। फिलहाल मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है, शांति व्यवस्था स्थिर बनी हुई है।

## दिल्ली के द्वारका अंडरपास के करीब बड़ा हादसा, धू–धूकर जल गई कार

दक्षिण–पश्चिम दिल्ली के द्वारका अंडरपास में सोमवार को अचानक बडा हादसा हो गया. दरअसल, सड़क पर तेजी से फर्राटा भरती कार में अचानक आग लग गई. कुछ ही पलों में कार पूरी तरह से धू–धूकर जल गई. यह घटना द्वारका के व्यस्त अंडरपास के करीब की है, जो द्वारका से मेन दिल्ली और गुरुग्राम जाने के लिहाज सबसे अहम मार्ग है. इस अंडरपास से हर रोज हजारों की संख्या में वाहन गुजरने का सिलसिला जारी रहता है. की





ओर जारी वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि द्वारका अंडरपास के पास लाल रंग की चलती कार में अचानक आग लग गई. इसके बाद कुछ ही देर में कार धू–धूकर जल उठी. इस हादसे में कार पूरी तरह से जल गई. कार में कौन सवार था और इस घटना में कोई घायल हुआ या नहीं, इसकी अभी कोई सूचना नहीं है. इस दौरान अंडरपास से वाहनों का आना जाना जारी रहा. वहीं ओवरब्रिज के ऊपर से लोग इस नजारे को देखते रहे और नीचे जाने आने वालों को सावधान करते नजर आए. वहीं, कुछ लोगों को वीडियो में इस घटना का मोबाइल से रील बनाते हुए देखा जा सकता है.दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि घटना के कारण आईओसी लाइट से एनएसजी लाइट की ओर यातायात प्रभावित हुआ. ट्रैफिक पुलिस ने लोगों को सलाह दी है कि वे अपनी यात्रा की योजना उसी के अनुसार बनाएं. बता दें कि रविवार को दिल्ली के द्वारका में एक तेल टैंकर में आग लग गई, जिसमें 36 वर्षीय एक कर्मचारी की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए. घटना में मारा गया कर्मचारी द्वारका सेक्टर 25 में टैंकर पर वेल्डिंग का काम कर रहा था.



# एटा में पशु गर्भाधान योजना में करोड़ों का घोटाला, DM ने दिए जांच के आदेश

उत्तर प्रदेश के एटा जनपद में पशु गर्भाधान योजना में करोड़ों रुपये का बड़ा घोटाला सामने आया है. जिला पशु चिकित्सालय में पशु चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में एआई टेक्टीनीशियन व वेक्सीनेटर्स के द्वारा कृत्रिम गर्भाधान, पशुओं के टीकाकरण व गायों की लंपी बीमारी के टीकाकरण में फर्जीफिकेसन कर करोड़ों रुपये के घोटाले का आरोप लगा है. जिला अधिकारी एटा प्रेम रंजन सिंह से मामले की शिकायत की गई है जिसके बाद डीएम ने जांच के आदेश दिये हैं. डीएम ने इसकी जांच की जिम्मेदारी डीडीए को सौंपी और कहा जांच के बाद दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी.दरअसल, शकीश कुमार नाम के व्यक्ति ने जिला अधिकारी एटा से कि गई शिकायत में जनपद के सभी पशु चिकित्सालयों में पशु गर्भाधान, पशु टीकाकरण, लम्पी टीकाकरण में करोडो रुपये के घोटाले का आरोप लगाया है. शिकायत में एआई टेक्नीशियनों और वे. क्सीनेटरों के एक गैंग द्वारा करोड़ों रुपये के घोटाले का आरोप लगा है. मुख्य



आरोपी के रिश्तेदार और परिवार के लोगों पर भी इस गैंग में शामिल होने के आरोप लगे हैं. जांच के बाद होगी कार्रवाई पशु चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि, विकास यादव व 5 अन्य के खिलाफ हमने यूपी एलडीबी को पत्र लिखकर इनकी आईडी पर कितना काम हुआ और कितना भुगतान हुआ इसकी जानकारी मांगी है. जैसे ही हमको जानकारी प्राप्त होती है और उसमे कुछ गलत होता है तो कार्यवाही की जाएगी. पशु चिकित्सा अधिकारी ने स्थानीय स्तर से भी अलग से एक जांच करवाने की बात कही है.पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि इस वर्ष जनवरी से मार्च तक जनपद में 615400 टीके के लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत टीकाकरण किया गया. जनपद में एच एस टीकाकरण इस वर्ष जून से अब तक 547000 किया गया. जनपद में विशेषकर गायों को होने वाली लंपी बीमारी से बचाव के लिए कुल 145000 गायों को टीका लगाना था, जिसमें से अभी तक 58200 वैक्सीन प्रात हुई और इसमें से 18500 टीके लगाए जा चुके हैं. शेष 73600 वैक्सीन और आएगी उसको भी लगाएंगे. उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 433000 गौ वंश हैं जिनमे से 339000 ब्रीडेबल गोवंश है. अभी तक बड़े पशुओं में 180841 का कृत्रिम गर्भाधान कर चुके हैं जबकि लक्ष्य 339000 का है.

## यूपी की सड़कों पर अब होगा मछली पालन? BJP के पूर्व विधायक की मांग ने सबको चौंकाया

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में खराब सड़कों और गड्ढायुक्त सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए अभियान चलाकर 10 अक्टूबर तक सभी सड़कों को गड्ढामुक्त करने का निर्देश दिया है. वहीं योगी सरकार के पहले कार्यकाल में उनकी पार्टी के चित्रकूट की मानिकपुर विधानसभा से विधायक आनंद शुक्ला ने सरकार पर तंज कसते हुए यूपी की सड़कों को मत्स्य विभाग को देने की बात कही है, जिससे यूपी की गड्ढायुक्त सड़कों पर गड्ढों में मछली पालन हो सके.उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि ष्उ0प्र0 की सड़कों को मत्स्य विभाग को दे देना चाहिये



ताकि गड्ढों में मत्स्य पालन कराया जा सके. धर्मनगरी चित्रकूट से कौशाम्बी का अनुभव.ष्इस पोस्ट के बारे में एबीपी लाइव से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि सड़कों की हाल बहुत खराब है. आप जिस तरफ भी निकल जाइए हर तरफ सड़कें बेहद खराब हैं. उन्होंने कहा चित्रकूट से कौशांबी आते समय इतना बुरा हाल हे कि कोई हद नहीं. इतने गड्ढें हैं जिसकी कोई गिनती नहीं. कई बार इस बाबत छभ् को बोला , एक्सईएन को फोन किया, चीफ को बोला पर कोई सुनने को तैयार नहीं है. कोई ध्यान नहीं दे रहा है.पूरी सड़क पर बहुत बड़े गड्ढे हैं, जैसे ही कौश्मबी की तरफ आगे बढ़िए , उधर बहुत बुरा हाल है.उन्होंने कहा कि हमने तो आवाज उठाई है कि क्या पता इससे कोई विभागीय अधिकारी जागृत हो तो कुछ बेहतर हो. उन्होंने कहा कि पोस्ट के बाद अभी तक किसी ने उनसे संपर्क नहीं किया. हालांकि उनको ऐसा विश्वास है कि जल्द कुछ एक्शन होगा. उन्होंने कहा कि इस सड़क को देखकर ये कहा जा सकता है कि वहां रोड ही नहीं बची है, इसे गद्धमुक्त करने से काम नहीं चलेगी, यहां तो पूरी रोड ही बनानी पड़ेगी. पिछले दो साल से यहां कोई मरम्मत का काम नहीं हुआ है. पर ये स्थिति सिर्फ इस रोड का ही नहीं बल्कि अधिकतर जगह यही हाल है.आखिर मेंटेनेंस क्यों नहीं हो रही ये बड़ा सवाल है.

## मुस्लिम आबादी बढ़ गयी है, तुम्हारा राज खत्म सपा विधायक महबूब अली का बयान



उत्तर प्रदेश स्थित बिजनौर में समाजवादी पार्टी के विधायक महबूब अली ने विवादित बयान दिया है. महबूब अली ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार को चेतावनी दी है. उन्होंने कहा कि मुस्लिम आबादी बढ़ गई है. तुम्हारा राज खत्म हो गया है. सपा विधायक यहीं नहीं रुके. उन्होंने कहा कि मुगलों ने देश में 800 साल राज किया. जब वो नहीं रहे तो तुम क्या रहोगे.साल 2027 के चुनाव के संदर्भ में अमरोहा विधायक महबूब अली ने कहा कि 2027 में तुम जाओगे जरूर,हम आयेंगे जरूर. बिजनौर में एक कार्यक्रम के दौरान मंच से दिए बयान की काफी चर्चा हो रही है. इसके अलावा अली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान का विरोध करती है. उन्होंने कहा कि पार्टी आरक्षण विरोधी है.अली ने दावा किया कि संविधान सिद्धांत शब्द सपा में है. उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में कानून नाम की कोई चीज नहीं बची है. (सपा विधायक महबूब अली का बयान पर पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा ने प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा कि समजवादी पार्टी के नेता विधायक को समझना चाहिये की मोदी और योगी शेर हैं. शेर अकेले चलते हैं भीड़ में नहीं जनसंख्या बल की धमकी ना दें समजवादी नेता. हम भी कमजोर नहीं है समझ जायें वो और उनके नेता.

## बदला वाराणसी के मौसम का मिजाज, इन इलाकों में अगले 3 दिनों तक बारिश के आसार

इन दिनों वाराणसी सहित पूर्वांचल में मौसम ने करवट ली है. बीते दो दिनों से पूर्वांचल में तेज हवाओं के साथ रुक–रुक कर बारिश जारी है. आसमान में बादल इतने घने छाए हैं कि दिन में भी अंधेरा छा जा रहा है. इसी क्रम में आईएमडी की रिपोर्ट के अनुसार अगले तीन दिनों तक पूर्वांचल में इसी तरह मौसम बने रहने के आसार हैं. गरज चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई है. इसी बीच वाराणसी का न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया.BHU से मौसम वै. ज्ञानिक डॉक्टर मनोज श्रीवास्तव ने` बातचीत के दौरान बताया कि आमतौर पर इन दिनों मौसम में ऐसे परिवर्तन देखने को मिलते हैं. पूर्वांचल में तेज हवाओं और गरज चमक के साथ बारिश का प्रभाव देखा गया है. दरअसल, दो दिशाएं दक्षिण पूर्व और पश्चिम से चलने वाली हवाएं जहां मिलती हैं ऐसा परिणाम देखने को मिलता है. वहीं आईएमडी रिपोर्ट के अनुसार वाराणसी सहित पूर्वांचल में तीन अक्टूबर तक मौसम की ऐसी स्थिति बनी रहेगी. गरज चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई है. बारिश और हवाओं के प्रभाव की वजह से तापमान में भी गिरावट देखा जा रहा है. सतर्क रहने की आवश्यकताहेल्थ एक्सपर्ट की माने तो इस समय स्वास्थ्य को लेकर भी खासतौर पर सतर्क रहने की आवश्यकता है. डेंगू मलेरिया के साथ ही वायरल फीवर से भी लोगों की मुश्किलें बढ़ सकती है. ऐसे में बदलते मौसम में लोगों को इन बीमारियों से विशेष तौर पर सतर्क रहने की आवश्यकता है. वाराणसी जनपद में बीते दो दिनों से मौसम में काफी बदलाव देखा जा रहा है. मौसम वैज्ञानिकों की तरफ से आने वाले कुछ दिनों तक जनपद में बारिश की संभावना जताई गई है.बता दें कि बीते कुछ दिनों से राज्य के विभिन्न हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है. वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ, आगरा और कानपुर के साथ ही आसपास के इलाकों में बीते तीन दिनों के दौरान खुब बारिश हुई है. आने वाले दिनों में राज्य के कुछ और इलाकों में बारिश होने की संभावना है.

## आसमान में ड्रोन उड़ने की अफवाह से ग्रामीणों के छूटे पसीने रात में लाठी डंडों के साथ की पहरेदारी

आगरा के ग्रामीण क्षेत्रों देर रात उस समय अफरा तफरी मच गई, जब उन्हें सूचना मिली कि बदमाश ड्रोन से गांव की रेकी कर कर रहे हैं. बदमाशों के रेकी की अफवाह सुनकर ग्रामीण दहशत में आ गए और लाठी डंडों के साथ सड़कों पर निकल आए. इस अफवाह के ग्रामीण रात भर गांव में पहरा देते नजर आ रहे हैं.यह स्थिति किसी एक गांव की नहीं है. इस अफवाह के बाद यहां कई गांव दहशत फैल गई है. यह अफवाह इतनी तेजी से फैली कि कई गांवों के लोग सड़कों पर पहरेदारी करते हुए नजर आ रहे हैं. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी हरकत में आ गई और ग्रामीणों को अफवाह के बारे में बताया. क्या है मामला?दरअसल, ग्रामीणों ने आ. समान में कुछ ड्रोन की तरह देखा. आसमान में उड़ती हुई चीज देखकर गांव में अफवाह फैल गई कि ड्रोन के जरिये बदमाश रेकी कर रहे हैं. यह अफवाह आग की तरह से चारों तरफ फैल गई. इस अफवाह के बाद कई गांवों के लोग सतर्क हो गए और लाठी डंडे लेकर गांव का पहरा देने लगे. इस अफवाह के फैलने के साथ ही ग्रामीण लाठी डंडों के साथ सड़कों पर नजर आने लगे. जब यह खबर पुलिस तक पहुंची तो एसीपी खेरागढ़ इमरान अहमद पुलिस बल के साथ क्षेत्र में निकले और अफवाह की जांच शुरू की. पुलिस ने शुरू की जांचएसीपी इमरान अहमद के नेतृत्व में पुलिस की जांच पड़ताल में पता चला कि आसमान में कोई ड्रोन नहीं था बल्कि आसमान में एयर फोर्स के दो एयर क्राफ्ट थे, जो एक्साइज कर रहे थे और कम ऊंचाई पर उड़ रहे थे. एयर फोर्स के दोनों एयर क्राफ्ट जब इस क्षेत्र होकर गुजर रहे थे, इसी दौरान ग्रामीणों की इस पर नजर पड़ी जिसे उन्होंने ड्रोन समझा लिया. ग्रामीणों को बदमाशों के जरिये ड्रोन से रेकी की आशंका हुई.फिर आगरा के चीत, उठगिरी, बिथोली, खेरागढ़, नगला पहाड़ी, जलालपुर, देवली, बसाई तातपुर के क्षेत्र में यह अफवाह आग की तरह फैली, जिसका असर ये हुआ कि ग्रामीण गांव का पहरा देने के लिए लाठी डंडों के साथ सड़कों पर आ गए. एसीपी ने किया अफवाह का खंडन अफवाह के बीच रात में ही एसीपी इमरान अहमद पुलिस बल के साथ पहुंचे और ग्रामीणों के बीच अफवाह का खंडन किया. एसीपी इमरान अहमद ने ग्रामीणों को समझाया कि आसमान में कोई भी ड्रोन नहीं था और न ही बदमाशों के जरिये गांव की रेकी की जा रही है.एसीपी इमरान अहमद के मुता. बिक, आसमान में एयर फोर्स के दो एयर क्राफ्ट थे जो एक्साइज कर रहे हैं और कम ऊंचाई पर उड़ रहे हैं, जिसे ग्रामीणों ने ड्रोन समझ लिया. उन्होंने ग्रामीणों को सुरक्षा का आश्वासन देते हुए कहा कि आप लोगो को चिंता करने की जरूरत नहीं है.एसीपी इमरान अहमद ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि पुलिस लगातार आपकी सेवा में है, आप अपने अपने घर जाकर आराम करें. उनके इस खंडन और सुरक्षा के आश्वासन के बाद ग्रामीण अफवाह से बाहर आए और गांव में वापस लौट गए.

## बॉडी को नाले में फेंकने में निभाई थी भूमिका, अब दिल्ली पुलिस ने भगौड़े हत्यारोपी को बिहार से दबोचा

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने एक ऐसे फरार भगौड़े को गिरफ्तार करने में कमायाबी पाई है, जिस पर हत्या समेत कई संगीन मामले दर्ज हैं. पिछले कई सालों से पालम गांव थाने की पुलिस हत्या के एक मामले में आरोपी की तलाश में थी. पुलिस ने आरोपी की पप्पू यादव के रूप में की है. पप्पू यादव बिहार के नालंदा जिला का रहने वाला है. आरोपी को अदालत ने भगौडा घोषित कर रखा है. अपराध शाखा की टीम ने बिहार के बिहार शरीफ में छापा मारकर आरोपी को गिरफ्तार किया.इसलिए की महिला की हत्याडीसीपी अमित गोयल के मुताबिक 26 जनवरी 2020 को पालम थाना इलाके में एक महिला की हत्या की एक वारदात हुई थी. उसके पिता शंभू यादव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी बेटी लापता थी. बाद में उसकी हत्या कर दिए जाने की जानकारी उसे मिली थी. उसकी बॉडी द्वारका सेक्टर 19 नाले में मिली थी. मृतका के पिता ने ससुराल वालों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया था. पीड़ित पिता के बयान के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था. पुलिस को हत्या के मामले में आरोपी पप्पू यादव, जो मृतका के पति नीरज यादव का चाचा है, की तलाश थी.बॉडी को ठिकाने लगाने में निभाई थी भूमिकाआरोपी ने मृतका की हत्या के बाद बॉडी को पैक कर नाले में फेंकने में अहम भूमिका निभाई थी. बॉडी को ठिकाने लगाने के लिए गाड़ी की व्यवस्था भी उसी ने की थी. इस मामले में पालम गांव की पुलिस तभी से उसकी तलाश में कर रही थी, फरार हो जाने की वजह से उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा था. जिस पर अपराध शाखा की पुलिस को इसकी गिरफ्तारी का काम सौंपा गया था. आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए एसीपी उमेश बर्थवाल की देखरेख में इंस्पेक्टर योगेश, विनोद यादव, एसआई दीपेंद्र, गुरमीत, इमरान, देवीदयाल, एएसआई उमरदीन, हेड कॉन्स्टेबल परमानंद, राजवीर, आशीष, राम नरेश और कांस्टेबल कुलदीप की टीम का गठन किया गया था.लोकेशन ट्रैक कर आरोपी को दबोचाजांच में जुटी टीम लगातार आरोपी के बारे में जानकारियों को विकसित करने में लगी हुई थी. इसका पता लगाने के लिए टेक्निकल सर्विलांस के साथ लोकल इंटेलिजेंस का भी सहारा लिया गया. आखिरकार पुलिस की मेहनत रंग लाई और वे आरोपी की लोकेशन को बिहार में ट्रैक करने में कामयाब हुए. जिस पर तुरंत ही एक टीम बिहार के लिए रवाना हुई. जांच टीम ने बिहार शरीफ में छापा मारकर आरोपी को दबोच लिया.पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना गुनाह स्वीकारते हुए बताया कि अपने भतीजे की पत्नी की हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद वह दिल्ली से भागकर बिहार चला आया था, जहां वह लगातार छुपकर रह रहा था. इस मामले में पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई में जुटी है.

## 8वें फ्लोर से कूदी लॉ की छात्रा, आत्महत्या की वजह नहीं साफय . पुलिस ने शव को कब्जे में लिया

गाजियाबाद के साहिबाबाद में एक लॉ की छात्रा से अपनी जान दे दी। फिलहाल, अभी तक मौत की वजह सामने नहीं आई है। साहिबाबाद कोतवाली क्षेत्र की स्वर्ण रेसीडेंसी सोसायटी में 8वें फ्लोर से 20 लॉ छात्रा खुशी उर्फ श्रेयांशी संदिग्ध परिस्थिति में कूदकर जान दे दी। घटना देर रात की है। सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव कब्जे में लिया।अभी तक पुलिस जांच में घटना का कारण पता नहीं चला है। एसीपी रजनीश उपाध्याय का कहना है कि छात्रा के मोबाइल और घर की जांच करने के साथ साथ परिजनों से भी बात की जा रही है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**आवश्यकता है**
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र **जननायक सम्राट** के लिये जिला ब्यूरो चीफ, मण्डल ब्यूरो चीफ,ब्लॉक ब्यूरो एंव संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें –
**अमित कुमार वर्मा**
सम्पादक करें
मो:8218049162,8273402499

**जननायक सम्राट**
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक,प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिटिंगप्रेस,अचलताल, अलीगढ़ से मुद्रित कराकर कार्यालय सरोज नगर ,गली नम्बर 5, अलीगढ से प्रकाशित
सम्पादक
**अमित कुमार वर्मा**
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा।

# राम जन्म पर खुशी से झूमे अयोध्यावासी, बाल लीला को देख दर्शक मंत्रमुग्ध

## रामलीला में नारद मोह, रावण, कुंभकरण और विभीषण के जन्म के साथ ही रावण के तपस्या करने व ब्रह्माजी से वरदान लेकर अत्याचार करने की लीला का मंचन किया गया

अग्नि देव प्रकट होकर राजा दशरथ को एक फल देते हैं और कहते हैं कि इसे तीनों रानियों में बराबर बांट देना। आशीर्वाद देते हैं कि उन्हें पुत्र की प्राप्ति होगी। इसके बाद चारों भाइयों का जन्म होता है। कुलगुरु वशिष्ठ जी द्वारा चारों पुत्रों का नामकरण राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के रूप में किया जाता है।अयोध्या में राजा दशरथ के घर भगवान श्रीराम, भरत, लक्ष्मण एवं शत्रुघ्न ने जन्म लिया तो अयोध्या नगरी में उल्लास छा गया। नगरवासी खुशी से झूम उठे और बधाइयों का



सिलसिला शुरू हो गया। यह दृश्य 28 सितंबर को शहर के अचलताल स्थित रामलीला भवन में श्री रामलीला गोशाला कमेटी के तत्वाधान में हुई रामलीला मंचन के दौरान दिखाए गए।राम, लक्ष्मण को साथ लेकर विश्वामित्र जनकपुरी की ओर प्रस्थान करते हैं। ऋषि गौतम की पत्नी अहिल्या का उद्धार करते हैं और पत्थर की शिला सुंदर स्त्री बन जाती है। आयोजन में सचिव अरविंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष टीएन मित्तल, उपाध्यक्ष सुबोध सुहृदय, मीडिया प्रभारी गुंजित वार्ष्णेय, संयोजक विक्रांत गर्ग, रिषभ गर्ग, अन्नू बीड़ी, संयम पाराशर आदि का सहयोग रहा।आदर्श रामलीला महोत्सव में रावण, कुंभकरण, विभीषण का जन्मनगला तिकोना में आदर्श रामलीला महोत्सव समिति के तत्वाधान में चल रही रामलीला में नारद मोह, रावण, कुंभकरण और विभीषण के जन्म के साथ ही रावण के तपस्या करने व ब्रह्माजी से वरदान लेकर अत्याचार करने की लीला का मंचन किया गया। आयोजन में कमेटी के अध्यक्ष हरी सिंह लोधी, मीडिया प्रभारी इंद्रपाल सिंह वर्मा एडवोकेट, विजय सिंह यादव, विष्णुशंकर सैनी, राजवीर सिंह, सत्यप्रकाश शर्मा, शिवदत्त बघेल, रवेंद्रपाल सिंह, सुरेश सैनी, श्याम बाबू, राजू सैनी आदि का सहयोग रहा। श्रीराम की बाल लीलाओं को देख दर्शक मंत्रमुग्ध जनहित सांस्कृतिक एवं धार्मिक सेवा समिति के तत्वाधान में श्री ग्यासीराम रामलीला महोत्सव में श्रीराम की बाल लीलाओं, ताड़का वध, सुबाहु वध, श्रीराम–मारीच संवाद व अहिल्या उद्धार की लीला का मंचन हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष इंजी. राजीव शर्मा रहे। उन्होंने भगवान श्रीराम का पूजन किया। अध्यक्ष सुभाष वर्मा, उपाध्यक्ष सुभाष सविता, कोषाध्यक्ष जोगेंद्र वर्मा, सचिव सत्येंद्र राजपूत, मंच संचालक कुलदीप बघेल आदि थे।

## मेरठ दोस्त ने दोस्त को घर से बुलाया, फिर पेट में कई बार मारा चाकू, देखने वालों की कांप गई रूह

दो दोस्तों में दोस्ती दुश्मनी में बदल गई. दुश्मनी भी ऐसी की दोस्त ने दोस्त की बेरहमी से जान ले ली. कत्ल भी इतनी बेरहमी से किया गया कि देखने वालों की रूह कांप गई. परिवार के लोगों का रो–रोकर बुरा हाल है और बीच सड़क हुए कत्ल से लोग सहमे हुए हैं. दोस्त इसी इरादे से आया था कि आज दोस्त की हत्या ही करके जानी है, इसीलिए पेट में चाकू से कई वार किए. मामला मेरठ के कोतवाली थाना इलाके के शाहघासा बाजार का है. यहां रहने वाला अब्दुल्ला कुरैशी सब्जी का ठेला लगाता था. उसकी समद उर्फ बबलू से गहरी दोस्ती थी. चार महीने पहले किसी बात को लेकर दोनों में दुश्मनी हो गई. बोलचाल भी बंद थी. बताया जा रहा है समद अपने दो दोस्तों के साथ आया और और अब्दुल्ला को घर से बुलाकर ले गया. घर से 50 कदम की दूरी पर अब्दुल्ला के पेट में चाकू से कई वार किए. अब्दुल्ला का पेट फट गया और



समद अपने दो दोस्तों के साथ आया और और अब्दुल्ला को घर से बुलाकर ले गया.

खून बहने लगा और वो जमीन पर गिर पड़ा, जिसके बाद तीनों भाग निकले. दहशत में लोगअब्दुल्ला पर जब चाकू से वार किए जा रहे थे तो गाड़ी से गुजर रहे लोगों में दहशत फैल गई. इससे भगदड़ भी मच गई. घायल अब्दुल्ला को परिजन और मुहल्ले वाले अस्पताल में ले गए जहां अब्दुल्ला को मृत घोषित कर दिया. सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और जानकारी जुटाई. सीओ कोतवाली आशुतोष सिंह, एसओ कोतवाली योगेंद्र कुमार भी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे. परिजनों ने हंगामा किया और आरोपी समद और उसके साथियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग कर डाली.अब्दुल्ला का कत्ल बड़ी ही बेरहमी से किया गया है. सड़क पर पड़े खून के निशान कत्ल के बेरहमी से करने की कहानी बयां कर रहें हैं. लोगों के चेहरे पर खोफ भी साफ देखा जा सकता है.

पेट में चाकू से

ताबड़तोड़ वार किए. सभी इसी बात की चर्चा कर रहे थे कि अब्दुल्ला और समद की दोस्ती के हर तरफ चर्चा थे, लेकिन ये दोस्ती ऐसी दुश्मनी में बदल गई कि कत्ल की कहानी तक जा पहुंची. कत्ल भी इतनी बेरहमी से हुआ कि लोग सहम गए.परिजन हंगामा कर रहे थे और तत्काल आरोपी की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े थे. परिजनों को जैसे तैसे समझा बुझाकर शांत कराया गाय. सीओ कोतवाली आशुतोष कुमार का कहना है कि पेट में चाकू से वार करके अब्दुल्ला की हत्या की गई है. अब्दुल्ला के भाई की तहरीर पर मुकद्दमा दर्ज का लिया है और एक साथी को हिरासत में ले लिया है और हत्यारोपी समद की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है और जल्द उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

## दिल्ली के मोहन गार्डन में नौकरी का झांसा देकर युवती से रेप, आरोपी गिरफ्तार

दक्षिण–पश्चिमी दिल्ली के मोहन गार्डन इलाके में नौकरी का झांसा देकर युवती के साथ रेप का सनसनीखेज मामला सामने आया है. रविवार की देर शाम पुलिस को पीसीआर कॉल के जरिए इस घटना की सूचना मिली की मोहन गार्डन इलाके में युवती के साथ रेप हुआ है. दिल्ली पुलिस के अधिकारी के मुताबिक पीड़िता दूसरे राज्य से यहां पर नौकरी के लिए आई थी. वह दिल्ली में एक अन्य जानकार महिला साथी के जरिए नौकरी की तलाश कर रही थी. इस दौरान पीड़िता टेलीफोन के जरिए आरोपी की संपर्क में आई थी. आरोपी पीड़िता को पहले से ही जानता था. पुलिस रेप के इस मामले में आगे की जांच में जुटी है. रेप का केस दर्ज रेप के आरा.पी ने नौकरी के लिए इंटरव्यू देने के लिए युवती को बुलाया और रेप की वारदात को अंजाम दिया. वारदात के बात पीड़िता ने पीसीआर कॉल के जरिए पुलिस को इसकी सूचना दी. पुलिस ने जांच के बाद रेप का मुकदमा दर्ज किया है. साथ ही आरोपी इलेक्ट्रीशियन को गिरफ्तार कर लिया है.नौ अगस्त को भी आया था ऐसा मामला सामने बता दें कि नौ अगस्त 2024 को दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट के एक वकील पर युवती ने नौकरी देने के बहाने रेप का आरोप लगाया था. पीड़िता ने पुलिस को बताया था कि तीस हजारी कोर्ट के चौंबर में वकील ने उसे बुलाया और उसके साथ रेप किया. महिला ने अपनी शिकायत में कहा था कि आरोपी ने उसे 27 जुलाई को नौकरी देने के बहाने बुलाया चौंबर में बुलाया था. युवती ने पुलिस को बताया कि वकील ने उसे धमकी दी कि यदि उसने किसी को इस बारे में बताया तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे. आरोपी वकील ने महिला को रेप करने के बाद पीड़िता को 1500 रुपये दिए और उसे चौंबर से चले जाने को कहा. पीड़िता ने घर पहुंचने के बाद मौसी को इस घटना की जानकारी दी. जिसके बाद उन्होंने सब्जी मंडी थाना पुलिस पुलिस से इसकी शिकायत की.

## जिलाधिकारी विशाख जी0 ने सभागार में सुनी जनसमस्याएं

अलीगढ़ शासकीय योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंकर्स रोड़ा न बनें। ऋण आवेदन संबंधी प्रकरणों में बैंक द्वारा सरसरी तौर पर प्रपत्रों की निगरानी कर इतिश्री की जा रही है। यदि किसी पत्रावली में कोई कमी हो तो संबंधित आवेदनकर्ता को उसके बारे में समुचित जानकारी देते हुए उस कमी को दूर कराने के प्रयास किए जाएं ताकि शासन की मंशा के अनुरूप आवे. दनकर्ता ऋण प्राप्त कर स्वरोजगार स्थापित कर सकें।उक्त उद्गार आयुक्त अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़, चौत्रा वी. ने कमिश्नरी सभागार में व्यक्त किए। वह मण्डलीय उद्योग बन्धु बैठक में अधिकारियों को सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि उद्योग विभाग की विभिन्न योजनाओं के साथ ही मा0 प्रधानमंत्री जी की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत मण्डल व जिलों के लक्ष्य प्राप्त हो गए हैं जिसमें अलीगढ़ मण्डल को 01 लाख 02 हजार व अलीगढ़ जिले में 75 हजार घरों को आच्छादित किया जाना है। उन्होंने सभी एलडीएम को निर्देशित किया कि योजना को सफल बनाने में बैंकर्स



की सक्रिय भागेदारी सु. निश्चित कराएं। बैठक में ग्लोबल इंवेस्टर समिट में प्राप्त निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वन की समीक्षा में अलीगढ़ में 10304 करोड़ के 275 के सापेक्ष 191, एटा में 3895 करोड़ के 72 के सापेक्ष 37, हाथरस में 1012 करोड़ के 85 के सापेक्ष 23 एवं कासगंज में 313 करोड़ के 29 के सापेक्ष 08 प्रस्ताव वाणिज्यिक रूप से उत्पादनरत की श्रेणी में है। इस पर मण्डलायुक्त ने विभागीय नोडल अधिकारियों को शेष प्रस्तावों में कमियों को व्यक्तिगत प्रयास कर धरातल पर संचालित कराने के निर्देश दिए। निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों की समीक्षा में अलीगढ़ में 443, एटा में 197, हाथरस में 191 एवं कासगंज में 177 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें अलीगढ़ में 155, एटा में 40, हाथरस में 51 व कासगंज में 18 आवेदन लंबित पाए गए।समयसीमा में लम्बित प्रकरणों की समीक्षा में अलीगढ़ में 443 के सापेक्ष 155, एटा में 197 के सापेक्ष 40,

हाथरस में 181 के सापेक्ष 51 एवं कासगंज में 177 के सापेक्ष 18 प्रकरण लंबित पाए गये। इस पर मण्डलायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देशित किसा कि समय सीमा के अंदर की प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार एवं ओडीओपी वित्त पोषण योजना में मण्डल में क्रमशः 34.22 एवं 49.50 प्रतिशत की प्रगति पर बैंकर्स को आड़े हाथ लेते हुए कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने सभी एलडीएम को निर्देशित किया कि लाभार्थीपरक योजनाओं में प्राप्त ऋण आवेदनों का समयबद्धता एवं पारदर्शिता से निराकरण कराया जाए बैठक के दौरान उद्यमियों द्वारा राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्व विद्यालय के बोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर में तकनीकी प्रशिक्षण के लिए लघु उद्योग भारती के माध्यम से उपलब्ध कराए गए प्रस्ताव पर मण्डलायुक्त ने कासगंज के जरी जरदोजी

उत्पाद संबंधी प्रशिक्षण को भी शामिल करने के निर्देश दिए। बैठक में पीएम विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 05 लाभार्थियों–पातीराम, रोहताश, कौशल, पप्पू सिंह एवं नेम सिंह को प्रतीक स्वरूप मण्डलायुक्त द्वारा प्रमाण पत्र एवं पहचान पत्र प्रदान किए गए। संयुक्त आयुक्त उद्योग

बीरेन्द्र कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत अभ्यर्थियों को 15 हजार रूपये का बाउचर दिया जाएगा। उन्होंने सभी एलडीएम से आव्हान किया कि पीएम विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के

लाभार्थियों को शासन की विभिन्न योजनाओं में प्राथमिकता दी जाए। इस अवसर पर मण्डलायुक्त द्वारा डीआईजी स्टाम्प देवेन्द्र सिंह को सेवानिवृत्त होने पर उनको भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए भग. वान बुद्ध की प्रतिमा भेंट स्वरूप प्रदान की गई।बैठक में सम्बन्धित मण्डलीय अधिकारी समेत उद्यमी चन्द्रशेखर शर्मा गौरव मिततल, मनोज कुमार अग्रवाल, दिनेश चन्द्र वार्ष्णेय उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी विशाख जी0 ने सभागार में सुनी जनसमस्याएं

अलीगढ़ जिलाधिकारी विशाख जी० ने सोमवार को कलैक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में जनसुनवाई के दौरान उप. स्थित जन सामान्य को कुर्सी पर बैठा कर शिकायतों को एक–एक व्यक्ति को सुना। डीएम समस्याओं को सुन निराकरण कराने के साथ ही शिकायतकर्ताओं की सुविधाओं का ध्यान भी रख रहे हैं। जनसुनवाई के दौरान उन्होंने अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरुप, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जमीन से संबंधित समस्याओं को पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम के द्वारा तत्काल मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। जन सुनवाई के दौरान जो भी समस्याएं आ रही है उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराएं एवं यह भी कहा कि लाभार्थी को निस्तारण से संतुष्टि भी मिलनी चाहिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक अखिलेश कुमार यादव, एसीएम सुधीर सोनी ने भी शिकायतों को सुना।

## अलीगढ़ में छात्रों का हंगामारू सड़क का किया घेराव,

### लिखित परीक्षा का कर रहे जमकर विरोध

राजा महेन्द्र प्रताप राज विवि का सोमवार को डीएस, एसवी कॉलेज विधि विभाग के छात्रों ने घेराव कर सड़क जाम कर दिया। छात्र विवि द्वारा कराए जा रहे लिखित परीक्षा का विरोध कर रहे है। छात्र इससे पहले भी दो बार विवि कार्यालय पर धरना दे चुके हैं। तब छात्रों को आश्वासन देकर लौटा दिया गया था।सोमवार को रणनीति के तहत छात्रों ने विवि का घेराव किया। जब कोई अधिकारी मिलने नहीं आया तो बाहर निकलकर सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम की सूचना पर सिविल लाइन पुलिस और एलआईयू की टीम मौके पर आ गयी।पुलिस ने समझाने की कोशिश की। पर छात्र लिखित आदेश पर धरना खत्म करने की मांग की। रजिस्ट्रार कृष्ण कुमार यादव छात्रों को समझाने आये तो उन्हें भी लौटा दिया। रजिस्ट्रार भी पुलिस के साथ मूक दर्शक बन सड़क पर खड़े रहे। मौके पर एसीएम और एएसपी की टीम मौजूद है। छात्र हटने को तैयार नहीं हैं।

## हर्षोंलास के साथ मनाया जायेगा महाराजा अग्रसेन जी का 5148वा जयंती महोत्सव

अलीगढ़ महानगर में महाराजा अग्रसेन जयंती आगामी रविवार, 6 अक्टूबर 2024 को अपने भव्य व दिव्य स्वरूप के साथ संपन्न होगी, यह जानकारी अग्रणी सामाजिक संगठन श्री अग्रवाल युवा संगठन के निवर्तमान अध्यक्ष एवं जयंती संयोजक श्री नवीन अग्रवाल (जलेसर) ने अलीगढ़ के स्थानीय रघुवीर पुरी स्थित होटल ला इंपीरियो में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान में प्रदान की। उन्होंने बताया कि गुरुवार 3 अक्टूबर 2024, प्रथम शारदीय नवरात्र जो महाराजा अग्रसेन जी का जयंती पर्व के पावन अवसर पर संगठन द्वारा प्रातः जी टी रोड रसलगंज स्थित श्री अग्रसेन चौक पर महाराज जी की प्रतिमा का माल्यार्पण किया जाएगा एवं सायं काल में महालक्ष्मी पूजन एवं यज्ञ के साथ महिसासुर वर्धिनी मंचन एवं डांडिया महारास, भजन संध्या एवं महा आरती का आयोजन किया जाएगा । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज गोयल व श्री राम अग्रवाल होंगे।संगठन के अध्यक्ष अभिनव अग. वाल ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि महाराजा अग्रसेन जी लोकतंत्र ओर सामाजिक समरसता के प्रणेता थे साथ ही अदम्य साहस व वीरता के पर्याय भी थे। उन्होंने हिंदू समाज के सभी घटकों के बंधुओ से उक्त कार्यक्रम में सपरिवार आने की अपील की एवं आगामी अग्रसेन जयंती पर सर्व समाज को सम्मिलित होकर जयंती महोत्सव को सफल बनाने हेतु आव्हान किया।

संगठन के महामंत्री एड.प्रशांत अग्रवाल संयोजक ने बताया कि आगामी 6 अक्टूबर 2024 को प्रात 8रू00 बजे से श्री अग्रसेन चौक पर महायज्ञ का आयोजन होगा, जिसमें हमारे मुख्य यजमान के रूप में श्रीमान अजय अग्रवाल और श्रीमती नमिता अग्रवाल (मित्र मंडल) रहेंगे।जयंती सह– संयोजक प्रन्जुल गर्ग (गार्गो) ने बताया कि प्रातः 10रू00 बजे से अभिनंदन समारोह का आयोजन होगा, जिसमें हमारे मध्य मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, उत्तर प्रदेश सरकार के कौशल विकास एवं व्यावसायिक शिक्षा मंत्री कपिल देव अग्रवाल, लोकसभा सांसद अतुल गर्ग , महापौर अलीगढ़ प्रशांत सिंघल, देश के प्रमुख निर्यातक नवीन अग्रवाल (नारायण ओवरसीज), प्रदीप बंसल चेयरमैन जट्टारी, भाजपा नेता डॉ. राजीव अग्रवाल आदि उप. स्थित रहेंगे। जयंती के सहसंयोजक आशीष अग्रवाल (कोठी) ने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सम्मान के क्षेत्र में विधि, आधिकारिक , चिकित्सा, समाज सेवा, वयोवृद्ध एवं अग्र विभूति सम्मान से विभूतियों को सम्मान किया जाएगा।
जयंती सहसंयोजक सी.ए. विकास अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष धर्म समाज महाविद्यालय पर राजतिलक मंच लगाया जा रहा. जिसमें हमारे 18 राजकुमार एवं महाराज अग्रसेन जी का भव्य राजतिलक किया जाएगा । जयंती सह–संयोजक एवं अग्र ज्योति पत्रिका के संपादक राहुल गोयल जलेसर ने बताया कि इस अवसर पर पत्रिका के 31 वें अंक का विमोचन किया जाएगा । शोभा यात्रा संयोजक आकाश अग्रवाल (एगोन) ने बताया कि इस वर्ष शोभा यात्रा का एक नवीन स्वरूप समाज में देखने को मिलेगा इसमें विभिन्न प्रकार के बैंड एवं मनमोहक डोले, झांकियां, माता काली का अखाड़ा ,महाकाल का कीर्तन आदि शोभा यात्रा को शोभायमान करेंगे। अंत में मीडिया प्रभारी दिव्यांश अग्रवाल ने बताया की शोभायात्रा दोपहर 2रू00 बजे श्री अग्रसेन चौक से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से होती हुई धर्म समाज महाविद्यालय पर समापन होगी।संस्था के कोषाध्यक्ष विवेक अग्रवाल रॉयल ने बताया कि इस वर्ष मातृशक्ति मण्डल का अभूतपूर्व सहयोग संगठन को मिल रहा है इसके चलते मातृशक्ति मण्डल द्वारा संपूर्ण शोभा यात्रा मार्ग पर विभिन्न स्वागत मंच बनाए जा रहे हैं एवं शोभा यात्रा में मातृशक्ति की सहभागिता भारी मात्रा में देखने को मिलेगी । इस दौरान प्रेस वार्ता में जयंती सहसंयोजक ऋषभ गर्ग सरिया , उप मंत्री राहुल गर्ग, सी .ए.विकास अग्रवाल,(बीमा) ,सी.ए. पियूष अग. वाल , आकाश अग्रवाल(एगोन), मीडिया प्रभारी दिव्यांश अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# इजरायल ने अपने एक और दुश्मन का किया खात्मा, लेबनान में एयरस्ट्राइक में हमास कमांडर

इजरायल के लेबनान में हवाई हमले जारी हैं. इन हमलों में इजरायल ने हमास के लेबनान ब्रांच के कमांडर फतेह शेरिफ को ढेर कर दिया. इजरायली एयरफोर्स ने यह जानकारी दी है. इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने सोमवार (30 सितंबर) को कहा कि उसने एक हमला किया, जिसमें हमास की लेबनान शाखा के प्रमुख फतेह शेरिफ का सफाया हो गया. आ. ईडीएफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा कि हमला तड़के सटी. कता के साथ किया गया. शेरिफ आज दक्षिणी लेबनान के शहर टायर में अल–बास शरणार्थी शिविर पर हवाई हमले में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ मारा गया. शेरिफ न केवल लेबनान में आतंकी गतिविधियों के समन्वय की देखरेख करने वाला हमास में एक महत्वपूर्ण शख्स था, बल्कि उसने हमास को हिजबुल्लाह के गुर्गों से जोड़ने में भी भूमिका निभाई थी.श्खतरा पैदा करने वालों का होगा खात्माश्बयान के मुताबिक, आईडीएफ और आईएसए ऐसे किसी भी व्यक्ति केखिलाफ काम करना जारी रखेंगे जो इजरायल के नागरिकों के लिए खतरा पैदा करता है. इजरायल का मानना है कि शेरिफ की गतिविधियां भर्ती प्रक्रिया से लेकर हथियारों के अधिग्रहण तक फैली हुई थीं. आईडीएफ ने बताया, शेरिफ ने यूएनआरडब्ल्यूए (संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी) के सदस्य के रूप में दोहरी भूमिका निभाई, जहां उसने लेबनान मेंयूएनआरडब्ल्यूए शिक्षक संघ के प्रमुख के रूप में भी काम किया.शेरिफ की राजनीतिक गति. विधियों की हो रही थी जांचवहीं,फिलिस. तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी ने पुष्टि की है कि लेबनान में हमास नेता फतेह शेरिफ को नियुक्त किया था. हालांकि, ये भी कहागया कि शेरिफ की राजनी. तिकगतिविधियोंकी जांचकी जा रही थी.

# जापान के होने वाले न्यू PM ने चीन को सबक सिखाने का बनाया न्यू प्लान! जानकर डर जाएगा ड्रैगन

भारत के पड़ोसी देश चीन को सबक सिखाने के लिए जापान के नए पीएम शिगेरु इशिबा ने एशिया में भी नाटो जैसा एक समूह तैयार की जाने की मांग की है. लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष ने समूह द्वारा परमाणु हथियार बनाने की भी डिमांड की है. द जापान न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, शिगेरु इशिबा का कहना है कि मौजूदा वक्त में रूस, उत्तर कोरिया समेत चीन अपने परमाणु हथियारों पर जोर–शोर से काम कर रहा है. इस खतरे से निपटने के लिए हमें भी मिलकर एशियाई नाटो समूह की मदद से न्यूक्लियर बम बनाना चाहिए.वाशिंगटन डीसी स्थित थिंक टैंक हडसन इंस्टीट्यूट में छपे Future of Japan's Foreign Policy के लेख में शिगेरु इशिबा ने नाटो जैसा एक समूह बनाने पर जोर दिया. इशिबा ने कहा कि उनका मकसद है कि आने वाले समय में हमारा अमेरिका से संबंध वैसा ही होना चाहिए जैसा यूएस और ब्रिटेन का है. बता दें कि जापान और चीन के बीच कई मुद्दों को लेकर दशकों से विवाद चल रहा है. वैसे नाटो समूह बनाने की मांग शिगेरु इशिबा ऐसे वक्त पर की गई है, जब जापान की सत्ता उनके हाथों में आने वाली है. उन्होंने अपने विचारों से साफ कर दिया है कि चीन को लेकर उनकी नीति पूरी तरह से आक्रामक रहने वाली है.कौन है शिगेरू इशिबा?शिगेरू इशिबा जापान के नए प्रधानमंत्री बनने वाले हैं. क्योंकि उन्हें लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष पद के चुनाव में बीते शुक्रवार को जीत मिली थी. इस तरह से जो भी व्यक्ति सत्ताधारी पार्टी का अध्यक्ष बनता है वहीं देश का पीएम बनता है. बता दें कि इशिबा की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी को दोनों सदनों में बहुमत हासिल है. पूर्व में इशिबा जापान के रक्षा और कृषि मंत्री भी रह चुके हैं. उन्होंने अपनी राजनीतिक पारी साल 1986 में शुरू की थी और महज 29 साल में ही पहला चुनाव जीता था.क्या है कोल्ड वॉर के दौरान सोवियत संघ से लड़ने के लिए साल 1949 में उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (छ।ज्) की स्थापना हुई थी. इसमें अमेरिका सहित 32 सदस्य देश शामिल हैं. बनने के 75 साल बाद भी ये संगठन अमेरिका–यूरोप सैन्य सहयोग का आधार बना हुआ है. इसका मुख्यालय बेल्जियम में है. ये संगठन उन देशों की युद्ध के वक्त मदद करती है, जो उनके मेंबर है.

## लद्दाख के पास चीनी सेना ने किया ऐसा काम, बढ़ जाएगी भारत की टेंशन! ब्रह्मोस भी पार नहीं कर पाएगी बॉर्डर

चीन ने भारत की सीमा के पास मिसाइल को मार गिराने का एक टेस्ट किया है. पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने काराकोरम पठार के करीब जमीन से आ. समान में मार करने वाली इस मिसाइल का सफल टेस्ट किया है. शिन्हुआ न्यूज एजेंसी के मुताबिक चीनी सेना ने 29 अगस्त को ये मिसाइल टेस्ट किया था.विश्लेषकों की मानें तो मिसाइल को मार गिराने वाले इस टेस्ट के जरिए चीन की कोशिश भारत को सख्त संदेश देने की है. फूदान यूनिवर्सिटी के डिप्टी डायरेक्टर लिन मिनवांग ने कहा कि बॉर्डर को लेकर चीन के लिए भारत की मांगें मानना मुश्किल है. हालांकि, दोनों देश सीमा विवाद को सुलझाने की कोशिशों में लगे हैं.श्ब्रह्मोस मिसाइल को भी मार गिराने की ताकतश लिन मिनवांग का कहना है कि इस टेस्ट के जरिए चीन भारत को दिखाना चाहता है कि उसके पास भारत की मिसाइल को मार गिराने की क्षमता है. माना जा रहा है कि भारत की ब्रह्मोस मिसाइल के खतरे को देखते हुए चीन ने इस टेस्ट को अंजाम दिया है.रिपोर्ट के मुताबिक चीनी सेना ने इस टेस्ट में एक सबसोनिक क्रूज मिसाइल को सफलतापूर्वक मार गिराया था. 17,390 फीट की ऊंचाई पर टेस्ट के दौरान मिसाइल को मार गिराया गया. इधर चीन कर रहा था बातचीत, उधर कर दिया मिसाइल टेस्टचीनी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ये मिसाइल टेस्ट उसी दिन किया गया था, जब चीन और भारत के बीच सीमा विवाद सुलझाने के लिए बीजिंग में 31वीं बैठक की जा रही थी. इस दौरान दोनों देशों के बीच बातचीत को बढ़ावा देने और शांति बनाए रखने पर सहमति बनी थी.सितंबर महीने के आखिरी हफ्ते में रूस में होने वाले ब्रिक्स सम्मेलन होने जा रहा है. माना जा रहा है कि रूस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच मुलाकात हो सकती है. वहीं चीन की इस हिमाकत से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ सकता है.